(क) मेहसाना टेलीफोन केन्द्र से कितने टेलीफोन कनेक्शन पहले ही दे दिए जा चुके हैं और कितने नये कनेक्शनों के मामले अभी लम्बित हैं और ये टेलीफोन कनेक्शन कब तक दे दिए जायेंगे ;

(ख) क्या उक्त केन्द्र का विस्तार करने का प्रस्ताव है, यदि हां, तो उसको कब तक कार्यान्वित किये जाने की सम्भावना है ;

(ग) क्या उक्त केन्द्र के लिए बनाई जा रही इमारत पूरी हो गई है ; और

(घ) यदि नहीं, तो देरी के क्या कारण हैं जिसकी वजह से नये कनेक्शन नहीं दिये जा रहे हैं ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री विजय एन० पाटिल) : (क) 1.8.84 को मेहसाना एक्सचेंज से पहले से ही प्रदान किए गए टेलीफोन कनेक्शनों की संख्या 2060 है। 603 नये टेलीफोन कनेक्शनों के लिए मांग लंबित है, जिसमें से अधिकांश 1985 तक पूरी कर दी जाएगी।

(ख) सन 1985 में इस एक्सचेंज को 3000 लाइनों के कनटेनराइज्ड इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज द्वारा बदला जा रहा है।

(ग) इलेक्ट्रानिक कनटेनराइज्ड एक्सचेंज की सहायक आवश्यकताओं के लिए भवन तैयार है।

(घ) जी नहीं।

मेहसाना टेलीफ़ोन केन्द्र के उपभोक्ताओं से शिकायतें

2425. **श्री मोती भाई आर० चौधरी** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मेहसाना टेलीफोन केन्द्र के उपभोक्ताओं से बार-बार ये शिकायतें प्राप्त होती हैं कि टेलीफोन ठीक से काम नहीं करते हैं ; और

(ख) उक्त सभी शिकायतों पर कब तक ध्यान दिया जाएगा और उन्हें दूर किया जायेगा ?

संचार मंत्रालय में उपमन्त्री (श्री विजय एन० पाटिल) : (क) जी नहीं।

(ख) सभी शिकायतों पर तत्काल ध्यान दिया जाता है।

Production/Import Soda Ash

2426. SHRI MOTIBHAI R. CHAUDHARI : Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that M|s. Tata Chemicals Ltd have voiced concern at the likely shortages of soda ash in the near future ;

(b) if so, the steps Government have taken or propose to take in the event of such an eventuality ;

(c) whether it is also a fact that no import has taken place after September, 1982 ; and

(d) whether Government would place on the Table of the House details of the monthly import of soda ash from September 1982 to September, 1983 ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI R. C. RATH) : (a) Yes, Sir.